तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024



11 लोगों तक पहुंच रही शासकीय योजनाओं...



12 बाजारों में पहुंचने लगे लघु वनोपज






## खबर संक्षेप

### कुथरेल में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में नवयुवक समिति आबादी पारा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 1 जनवरी को रखा गया है। उक्त प्रतियोगिता के सभी विजेता प्रतिभागियों को नकद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता को तीन समूहों में बांटा गया है, जिसमें एकल, युगल और सामूहिक डांस में प्रतिभागी अपना हुनर दिखाने भाग ले सकते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेष निर्मलकर ने बताया कि यह प्रतियोगिता का द्वितीय वर्ष है इसके आयोजन को लेकर कार्यकर्ता प्रतिभागियों एवं ग्रामवासियों में काफी उत्साह है।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता पर लगा विराम

**बालोद।** जिले में प्रशासन द्वारा स्कूल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ संकुल स्तरीय के रूप किया गया था, लेकिन अब स्कूल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता पर विराम लगा दिया गया है, यह कब होगा इसका बच्चों को इंतजार है। प्रशासन द्वारा बच्चों के खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए दिसंबर महीने में स्कूल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की रूप रेखा निर्मित कर बच्चों का खेल प्रारंभ किया गया था। लेकिन, अचानक संकुल स्तरीय खेल के बाद बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता पर रोक लगा दी गई। स्कूलों में आगामी प्री बोर्ड, प्रैक्टिकल पेपर और बोर्ड परीक्षा होना है, ऐसी परिस्थितियों में आगे बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजन पर सवालिया निशान लग रहा है।

### डुंडेरा (कुर्दी) में क्रिकेट प्रतियोगिता 3 से

**लाटाबोड़।** ग्राम डुंडेरा (कुर्दी) में 3 जनवरी से पांच दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सरपंच छबिलाल कोर्राम ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7024 रूपए, द्वितीय 5024, तृतीय 3024 तथा चतुर्थ पुरस्कार 2024 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 424 रूपये रखा गया है।

### मड़ई-मेला कल

**लाटाबोड़।** ग्राम चाराचार में नव वर्ष के आगमन पर 2 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी भैंसमुड़ी (कुरूद) धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### आमाडुला में मेला मड़ई 3 को

**डौंडी।** ग्राम आमाडुला में 3 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम के सहदेव सेन, योगेश धुर्वे व सबत्तरू राम नरेटी ने बताया कि मड़ई के अवसर पर रात्रि में ग्राम होच्चेटोला जिला बालोद की नाचा पार्टी भुइयां के सिंगार की प्रस्तुति होगी।

### कोटगांव में मड़ई-मेला 7 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम कोटगांव में नए वर्ष के उपलक्ष्य में 7 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है। विजय ठाकुर व तिलक ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 9 से

**साजा।** नगर के पुराना बाजार चौक में आगामी 9 जनवरी से 12 जनवरी तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। 9 जनवरी से प्रारंभ होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में कलश यात्रा, सामूहिक जाप, संगीत पुसंवन संस्कार जैसे कई संस्कार भी संपन्न कराया जाएगा।
यज्ञ स्थल में रविवार को पूजा-अर्चना कर शुद्ध किया गया।

# खट्टी-मीठी यादों के साथ साल-2023 हुआ विदा, नए साल 2024 का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नए साल का आगाज हो चुका है। साल 2023 की बिदाई के बाद साल 2024 की शुरुआत हो चुकी है। हर कोई अपने ढंग से पुराने साल को विदा करते हुए नए साल का स्वागत कर रहे हैं।

नए साल की शुरुआत के साथ ही हमारे जीवन में नए अवसर और नई खुशियों का भी आगमन होता है। हर कोई नए संकल्प के साथ नए साल का स्वागत करता है। ऐसे में लोग अपने दोस्त, परिवार और रिश्तेदारों के साथ नए साल को सेलिब्रेट करने से पहले मंदिरों में मत्था टेकर पर्यटन स्थलों में मनोरंजन करने पहुंच रहे हैं, साल 2023 का सफर जिलेवासियों के लिए खट्टे मीठे यादों के साथ बीत



गया। जिले में कई छोटे-बड़े हादसे हुए जिसमें सैंकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई, प्राकृतिक आपदा से मौत के साथ ही कई लोग अपनी जिंदगी से नाखुश होकर तथा तनाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम भी उठाए। इसके साथ ही जिले में कई सराहनीय कार्य भी हुए जिनसे जिलेवासी काफी खुश नजर आ रहे हैं।

## नए संकल्प के साथ नए साल का स्वागत

### अच्छे कार्यों से जिलेवासियों में खुशी

जिले में बीते वर्ष 2023 में शासन-प्रशासन द्वारा कई सराहनीय कार्य किया गया, जिससे जिलेवासियों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। बालोद रेलवे स्टेशन संवारने के कार्य, ग्रामीणों की 20 सालों की मांग ग्राम बोरी नाला में पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ, तांदुला जलाशय किनारे इको फ्रेंडली गार्डन वर्षों के इंतजार के बाद आरंभ हो गया। कृष्ण कुंज ने शहरों मे भी हरी भरी वादियां मिली, ट्रेन से ताडोकी से रायपुर तक का सफर आसान हुआ, ग्राम सनौद और पुरुर में थाना बनाया गया जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।



### सड़क हादसे में करीब 160 लोगों ने गंवाई जान



साल 2023 में जिले में 400 से अधिक से सड़क हादसे हुए हैं, जिंनमे से करीब 160 लोगों की मौत हुई है, हादसे का सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार ही है। चाहे बड़े वाहनों की बात करे या छोटे वाहन बाइक की बात, तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने व लापरवाही बरतने से सड़क हादसे में लोगों ने अपनी कीमती जिंदगी को समाप्त किये हैं। लगातार जागरूकता अभियान चलाने और नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों कर कार्यवाही करने के बावजूद सड़क हादसों में कमी देखने को नहीं मिली। जिलेवासी अब यही उम्मीद कर रहे हैं कि अब इस नए साल 2024 में लोग यातायात नियमों का पालन करेंगे। जिससे सड़क हादसे में कमी देखने को मिले।

**समस्या : ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 के आश्रित ग्राम जुनवानी का मामला**

# सफेद हाथी साबित हो रही नल-जल योजना निर्धारित समय के सालभर बाद भी काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ जगह-जगह फूट रही पाइप, गुणवत्ता पर उठने लगे सवाल

ग्राम पंचायत भर्रीटोला 43 के आश्रित ग्राम जुनवानी में जल जीवन मिशन-हर घर जल, एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण व घर-घर में नल कनेक्शन की पाइप लाइन पहुंचने के बाद भी ग्रामीणों को घर में पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं, लगभग एक सप्ताह पूर्व ग्राम के बोर से पानी टंकी में पानी भरने के बाद बिछायी गयी पाइप लाइन के माध्यम से ग्रामीणों के घरों में पानी पहुंचने की जांच करने पर अनेक जगह पाइप फूटने से पानी गलियों में बह रहा है। एक जगह सुधारने पर दूसरी जगह से पाइप से पानी निकल जा रहा है। ग्राम में लगभग दस अलग-अलग जगह में पाइप फूटने से कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के पाइप लाइन बिछाने के दरम्यान नियमित निरीक्षण ना करने से गुणवत्ताहीन कार्य होने की बात कह रहे है।

जुनवानी ग्राम के ग्रामीण ग्राम में नल-जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण व घर घर में पाइप लाइन के माध्यम से नल कनेक्शन पहुंचने से बहुत खुश थे कि 2023 की गर्मी में पानी की समस्या से मुक्ति मिलेगी, किंतु ग्रामीणों की पानी की समस्या यथावत रही। अब 2024 की गर्मी के मौसम में कुछ दिन बाकी है। पानी घरों में पहुंचेगा या नहीं, इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्य के लिये 49.05लाख रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति 16 दिसम्बर 2021 को मिली थी। 21मार्च 2022 को कार्यादेश जारी किया गया था तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि 9 माह थी, यानि दिसंबर 2022 तक कार्य पूर्ण हो जाना था। किंतु, कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि के एक साल बाद भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को जल जीवन मिशन हर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### ग्रामीणों ने की जांच व कार्रवाई की मांग

ग्राम जुनवानी के देवलाल कोर्राम, सर्वेराम पिस्दा सहित ग्रामीणों ने नलजल योजना की पाइप लाइन की जांच कर निर्धारित समय में कार्य पूर्ण ना करने वाले निर्माण एजेंसी व जिम्मेदार अधिकारियों पर उचित कार्रवाई करते हुए शुद्ध जल घरों तक पहुंचाने की मांग की है।



### 400 ग्रामीण हैं गांव में

उल्लेखनीय है कि ग्राम जुनवानी में लगभग 75 घरों में लगभग 400 ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे निवासरत हैं। ग्राम में तीन हैण्डपम्प संचालित हैं, जिनके सहारे ग्रामीण निस्तारी व पेयजल का पानी उपयोग करते हैं। केंद्र सरकार की उक्त महत्वपूर्ण योजना के तहत पानी टँकी व पाइप लाइन तो बिछा दी गई, किन्तु धरातल में ग्रामीणों को नलों के माध्यम से पानी आज तक नहीं मिल रहा है। इससे लगता है कि निर्माण एजेंसी मनमर्जीनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि को ताक में रखकर कार्य कर रहे हैं और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कार्यादेश में जारी निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण ना होने पर निर्माण एजेंसी पर कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं कर रही है। इससे लगता है कि केंद्र सरकार की योजना को अमलीजामा पहनाने में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कोताही बरत रहे हैं।

# दो दिन पेयजल आपूर्ति रही ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत शहर के वार्ड क्रमांक 6 और 7 के वार्डवासियों के घरों में बीते दो दिनों से पीने का पानी नहीं पहुंचा। दरअसल वार्ड में लगे जिस मोटर के माध्यम से घरों में पानी पहुंचाने का काम किया जाता है, वह मोटर अचानक खराब हो जाने से यह स्थिति निर्मित हुई है।

वार्डवासियों की शिकायत के बाद नगर पालिका के कर्मचारियों ने मोटर की जांच की, जिसके बाद उसे सुधारने के लिए कार्य शुरू किया। जिसे बनाने में दो दिन का समय लग गया। रविवार की शाम वार्डवासियों के घरों में पानी पहुंचा, हालांकि उससे पहले मोटर खराब होने के कारण नगर पालिका ने वार्डवासियों को पानी टैंकर के माध्यम से पहुंचाया, वार्डवासी टैंकर के सहारे ही पानी भर रहे थे।

# वृंदावन व मथुरा की यात्रा पर रवाना हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



नगर के व्यवसाई नरोत्तम भोला साहू के नेतृत्व में 28 धर्म तीर्थ यात्रियों का समूह 9 दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए 28 दिसंबर को वृंदावन मथुरा के लिए प्रस्थान किए।

भोला राम साहू ने बताया कि बांके बिहारी मंदिर अनिरुद्ध आचार्य महाराज का दर्शन, देवकीनंदन ठाकुर, प्रेमजू दर्शन, गोवर्धन पर्वत परिक्रमा, पागल बाबा मंदिर, सुदामा कुटी का दर्शन, निधि वन का दर्शन, यमुना नदी जी का दर्शन, पूजन वैष्णो देवी गुफा मंदिर का दर्शन एवं विभिन्न संतों का उद्बोधन आशीर्वाद दर्शन यात्र मुख्य दर्शन में हमारे श्री कृष्ण जन्मभूमि का दर्शन, मथुरा नंदग्राम, गोकुल गांव, बरसाना, आदित्य तीर्थ का दर्शन की योजना है। 5 जनवरी 24 तक वापसी की योजना वाली इस तीर्थ यात्रा में रनचिरई से नरोत्तम, भोला, पुरुषोत्तम, देवीलाल, समनलाल, पंचूराम, ओमप्रकाश, भोली बाई, भुवनेश्वरी साहू, मंजू भाई साहू, उषा बाई साहू, नंद कुमारी, कीर्ति बाई, मां कुंवर, रोहिणी साहू, किलेपार से डेरहीन बाई साहू, गब्दी से मोहन बघेल, दाऊजी मचौद, गणेश राम साहू, पेमिन बाई साहू, सूरत तमोरा से चंद्रकाली, विष्णु राम, पुष्पा बाई, दिलीप साहू, निशा राजपूत, चराचर से योगिता पटेल गणेशी पटेल शामिल है। मथुरा पहुंचने के बाद तीर्थ यात्रियों ने विख्यात साध्वी रितंभरा दीदी का दर्शन सानिध्य सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**जिला मुख्यालय के पास स्थित ग्राम पंचायत जगतरा का मामला**

# लाखों की लागत से बना बाल उद्यान देखरेख के अभाव में हो गया उजाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जगतरा में वर्ष 2018 में लाखों की लागत से एक बाल उद्यान का निर्माण खनिज न्यास निधि के माध्यम से किया गया था, जो पूरी तरह से जर्जर और जीर्ण शीर्ण नजर आ रहा है। कई काम नहीं हाने का आरोप भी है।

ग्राम पंचायत जगतरा में बच्चों के खेल कूद और मनोरंजन के लिए इस उद्यान का निर्माण किया गया था, लेकिन यह उद्यान बद से बत्तर नजर आने लगा है, जो अब शराबियों का अड्डा बन चुका है। जहाँ बच्चे खेलने के लिए पहुँचते तो हैं, लेकिन बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त सुविधा बाल उद्यान में उपलब्ध ही नहीं है, जिसके कारण मासूम बच्चे मजबूरी में रेत और शराब की बोतलों से खेलते हैं, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा बच्चों के भविष्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बोर व लाइट बेकार



ग्रामीणों ने बताया कि गुणवत्ताहीन गेट बाल उद्यान में लगाया गया था, जो कुछ ही दिनों में टूट गया। जिसके बाद दोबारा नहीं लगाया गया। वहीं बाल उद्यान में एक मोटर पंप का खनन किया गया था, लेकिन पानी नहीं होने के बावजूद उसमें मोटर लगाकर खुला छोड़ दिया गया है। वहीं, जो स्ट्रीट लाईट लगाई गई है, वह बंद रहती है या तो कभी दिन और रात चालू रहती है। इसके कारण वह खराब हो चुकी है।

### खेल सामग्री सालों से खराब

लाखों की लागत से बाल उद्यान का निर्माण किया गया था, जहां निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ताहीन सामान बच्चों के खेल के लिए लगाए गए थे, जो कुछ समय में ही पूरी तरह जर्जर और खराब हो चुके हैं। ये खेल के सामान वर्षों से ऐसे ही पड़े हुए हैं। इस उद्यान में तीन कुर्सियां, दो फिसल पट्टी, दो झूले के एंगल लगे हैं, लेकिन झूला गायब है। वहीं, उद्यान के अंदर फूल के एक भी पौधे नहीं है, सिर्फ रेत और रखरपतवार नजर आ रहे हैं। इसके कारण बच्चे उद्यान में आने के बाद रेत में खेलने को मजबूर हैं। जिस पर ग्रामीणों द्वारा का आरोप है कि बाल उद्यान में प्रावधान के अनुरुप कार्य नहीं किया गया है। यह जांच का विषय बना हुआ है।

**नया साल मनाने प्रतिवर्ष पहुंचते हैं सैकड़ों लोग**

# पर्यटन स्थलों में पुख्ता इंतजाम, पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साल 2023 के अंतिम दिन रविवार को जिले भर के मंदिर, देवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जिले के प्रसिद्ध मंदिरों के अलावा पर्यटन स्थलों में भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचे। इसके साथ ही कई जगहों में गाजे बाजे तथा डीजे की धुन के साथ लोग अपने-अपने तरीके से साल 2023 की बिदाई और नए साल 2024 के आगमन पर सेलिब्रेट करते नजर आए। रविवार को सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला और यह उत्साह आज यानी साल 2024 के पहले दिन सोमवार को भी देखने को मिलेगा। आज से नए साल 2024 की शुरुआत हो रही है और इस नए साल को मनाने प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से लोग जिले के प्रसिद्ध मंदिरों तथा पर्यटन स्थलों में पहुंच रहे हैं। जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना को लेकर मत्था टेक रहे हैं। नए साल पर प्रसिद्ध मंदिरों व पर्यटन स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है, वहीं मंदिर समितियों द्वारा भी श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए किसी तरह की समस्याओं का सामना न हो इसके लिए भी कतारबद्ध तरीके से दर्शन करने व्यवस्था किया गया है। आपको बता दें कि जिले के गंगा मैया मंदिर, सियादेवी मंदिर, रानीमाई मंदिर, कमरौद के हनुमान मंदिर, महामाया मंदिर, तांदुला जलाशय सहित चार अन्य छोटे जलाशयों में रोजाना पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन नए साल के दिन इन जगहों व मंदिरों में काफी भीड़ देखने को मिलता है।



### सुरक्षा के लिए पुलिसबल तैनात

जिला मुख्यालय से लगे तांदुला जलाशय और इको फ्रेंडली पार्क तथा गंगा मैया मंदिर सहित जिले के तमाम प्रसिद्ध मंदिरों व पर्यटन स्थलों में पुलिसबल की तैनाती एक दिन पहले से ही कर दी गई है। क्योंकि पर्यटकों का यहां पहुंचने का सिलसिला बीते करीब एक सप्ताह से शुरू हो चुका है, लेकिन 31 दिसम्बर रविवार और 1 जनवरी सोमवार को मंदिरों व पर्यटन स्थलों में खासा भीड़ रहने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही पुलिसबल की तैनाती कर दी है। ताकी पर्यटकों को किसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### ताइक्वांडो चैम्पियन बने दर्श, जीता गोल्ड मेडल

**रायपुर।** विगत दिनों बेंगलुरु में आयोजित 38वीं नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप (आईटीएफ) 2023 के फाइनल में 10 वर्षीय दर्श चौधरी ने गोल्ड मेडल जीता है। ताइक्वांडो प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें दर्श चौधरी ने हर क्वालीफाई राउंड में अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया है। देश के ख्यातिनाम कोच मृत्युंजय राय ने बताया कि दर्श चौधरी ने 7 साल की उम्र से ही ताइक्वांडो खेल के प्रति अपनी लगन जाहिर कर दी थी। दर्श ला-माटिनियर स्कूल कोलकाता के 5वीं कक्षा के छात्र हैं। वे शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकमल सिंघानिया के नाती हैं।

### हमारे जीवन का ऐतिहासिक दिन होगा 22 जनवरी

**रायपुर।** प्रभु राम हमारे आराध्य हैं,



जिसने भी सनातन के खिलाफ आवाज उठाई, उसका सफाया हो गया। पिछले कुछ दिनों से कुछ लोग पुनः सनातन के खिलाफ बोल रहे हैं, उसका नतीजा उनके सामने है। ये बातें दो दिवसीय रायपुर प्रवास पर पहुंचे स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने शनिवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी 2024 हमारे जीवन का ऐतिहासिक दिन होगा। उन्होंने कहा कि प्रभु राम हमारे प्राण तत्व हैं, हमारे देश में रामराज्य स्थापित हो गया है। 22 जनवरी हम सब के लिए दीपावली है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में भगवान राम का भव्य मंदिर हमें प्राप्त हो रहा है। इससे सुंदर कुछ नहीं हो सकता है। जिन लोगों ने प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया, आज उन्हीं का अस्तित्व खत्म हो गया।

### प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में शनिवार को रायपुर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने की बधाई दी और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब से अध्यक्ष दामु आम्बेडारे, शगुफ्ता शिरीन, संजय शुक्ला, जावेद खान, भोलाराम सिन्हा, मनोज नायक, दीपक पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ में 56 सदस्यों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी प्रकोष्ठ) ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार किया है, जिसमें समाज के संभाग स्तर से अनेक लोगों की नियुक्ति की गई है। कसडोल विधायक के निज सहायक मनीष कुमार साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू, कसडोल विधायक व अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा (युवा प्रकोष्ठ) राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू व आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू की अनुशंसा से रायपुर संभाग अध्यक्ष दानेश साहू ने पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार 2 कार्यकारी अध्यक्ष, 9 उपाध्यक्ष, 18 संगठन सचिव, 19 संयुक्त सचिव व 8 कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रदेश जिला, तहसील, परिक्षेत्र के पदाधिकारियों ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# राजस्व प्रकरणों का निपटारा नहीं, कलेक्टोरेट-तहसीलों में डेढ़ लाख से ज्यादा केस पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के कई जिलों में कलेक्टोरेट एवं तहसीलों में राजस्व के प्रकरणों का कछुए गति से निराकरण किया जा रहा है, जिसके कारण पेंडिंग केसों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेशभर में कुल लंबित प्रकरणों की संख्या 1 लाख 54 हजार पहुंच गई है। इसमें से डेढ़ लाख सात सौ प्रकरण न्यायालयों में चल रहे हैं। इनमें ऐसे हजारों प्रकरण हैं, जिनकी समय पर सुनवाई तक नहीं हो पा रही है। उन प्रकरणों में लगातार अधिकारियों की व्यस्तता के कारण सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है।



### रायपुर-दुर्ग जिले में सर्वाधिक पेंडिंग प्रकरण

राज्य में सबसे ज्यादा पेंडिंग प्रकरण रायपुर और दुर्ग जिले में हैं। दोनों जिलों के कलेक्टोरेट व तहसीलों में 9 हजार से ज्यादा प्रकरण पेंडिंग हैं, वहीं बिलासपुर, सरगुजा, सूरजपुर, रायगढ़, बलौदाबाजार-भाटापारा, जांजगीर-चांपा एवं महासमुंद जिलों में भी 6 हजार से लेकर साढ़े सात हजार तक प्रकरण पेंडिंग हैं।

### जिलावार पेंडिंग प्रकरणों की स्थिति

| | कुल पेंडिंग | न्यायालय में पेंडिंग | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 9097 | 9079 | दंतेवाड़ा | 1182 | 685 | बिलासपुर | 7257 | 7103 |
| दुर्ग | 9292 | 9285 | धमतरी | 3662 | 3564 | सुकमा | 1291 | 1260 |
| कबीरधाम | 3701 | 3662 | नारायणपुर | 227 | 127 | सरगुजा | 7490 | 7473 |
| कोंडागांव | 4778 | 4213 | बेमेतरा | 3219 | 3176 | सूरजपुर | 6939 | 6934 |
| कोरिया | 1845 | 1839 | मुंगेली | 2762 | 2759 | सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 2778 | 2776 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | 2478 | 2476 | मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर | 2879 | 2878 | बालोद | 4637 | 4629 |
| गरियाबंद | 4035 | 4022 | महासमुंद | 7112 | 6675 | बस्तर | 2952 | 2692 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 2883 | 2789 | मनेंद्रगढ़-मानपुर चौकी | 1133 | 1106 | बीजापुर | 775 | 637 |
| जशपुर | 4452 | 4451 | राजनांदगांव | 5030 | 4998 | बलरामपुर-रामानुजगंज | 4880 | 4839 |
| जांजगीर-चांपा | 5334 | 5382 | रायगढ़ | 5994 | 5979 | बलौदाबाजार-भाटापारा | 7082 | 6734 |
| | | | सक्ति | 2520 | 2510 | | | |

### पहले चुनाव के कारण, अब अधिकारियों के छुट्टियों के कारण सुनवाई धीमी

विधानसभा चुनाव के कारण अक्टूबर से नवंबर माहभर कलेक्टोरेट एवं तहसील दफ्तरों में सुनवाई प्रभावित रही। इसके बाद दिसंबर में भी मतगणना ड्यूटी में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण कुछ दिनों तक सुनवाई प्रभावित रही। इसके बाद अधिकारियों ने कामकाज संभाला, तो पुरानी फाइलों को जांचने में ही उन्हें सप्ताहभर का समय लग गया। इसके बाद काम में तेजी आ पाती, उससे पहले कई अधिकारी छुट्टियों पर चले गए हैं। इसके कारण न्यायालय में पेंडिंग प्रकरणों की सुनवाई की तारीख भी आगे बढ़ा दी गई है। ज्यादातर प्रकरणों में सुनवाई की तारीख 10 जनवरी के बाद दी गई है।

# ऑनलाइन फूड कंपनी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर पौने 26 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व आनलाइन फूड कंपनी डोमिनोज की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर 25 लाख 77 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो अंतर्राजीय जालसाज को बिहार से गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य जालसाजों की पुलिस पतासाजी कर रही है। जालसाजों ने फर्जी वेबसाइट बनाकर देश के कई और राज्यों में लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस ने ठगों के अकाउंट में जमा छह लाख रुपए होल्ड कराया है।

- दो गिरफ्तार डोमिनोज का फ्रेंचाइजी देने बनाई फर्जी वेबसाइट

मामले का खुलासा करते हुए एएसपी सिटी लखन पटले, डीएसपी क्राइम दिनेश सिन्हा ने बताया कि संतोषी नगर निवासी सुदिप्ता धारा से ठगी करने के आरोप में बिहार, नालंदा निवासी सिकंदर कुमार तथा सूरज कुमार को गिरफ्तार किया है। सुदिप्ता ने अक्टूबर में थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने डोमिनोज का फ्रेंचाइजी लेने ऑनलाइन सर्च कर एप्लिकेशन जमा किया। इसके बाद उसके पास अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको डोमिनोज प्रबंधन से जुड़े होने का झांसा देकर सुदिप्तो से अलग-अलग अकाउंट में रकम ट्रांसफर करा कर ठगी का शिकार बनाया। घटना का मास्टर माइंड अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।



### वेबसाइट खोलने से पहले यूआरएल की करें जांच

किसी भी बात की जानकारी हासिल करने ज्यादातर लोग गूगल का सहारा लेते हैं। इसके बाद अलग-अलग वेबसाइट नजर आने पर लोग वेबसाइट फेक है या सही इस बात की जानकारी जुटाने के बजाए किसी एक के ऊपर क्लिक कर देते हैं। सर्च करने के पहले एड्रेस टाइप की जांच करना चाहिए। असली वेबसाइट के यूआरएल की शुरुआत एचटीटीपीएस से होती है। इसके अलावा अगर कंम्प्यूटर या लैपटॉप में ब्राउजर कर रहे हों, तो माउस को इस वेबसाइट के ऊपर ले जाकर हाईपरलिंक और यूआरएल देखना चाहिए।

### वेबसाइट की सर्टिफिकेशन की जांच जरूरी

कोई वेबसाइट असली है या नकली, इसकी जांच करने के लिए यूजर सर्टिफिकेशन को ध्यान से देखकर पता लगा सकते हैं। आमतौर पर यह लॉग इन पेज इन होम पेज पर एसएसएल सर्टिफिकेशन के रूप में देखने को मिल जाती है। इसके अलावा यूजर किसी वेबसाइट पर लॉगिन करते हैं और इस पर अजीब विज्ञापन देखने को मिलता है, तो समझ जाएं कि ये फेक है। आमतौर पर एडल्ट विज्ञापन या फिर लॉटरी के रूप में यह नजर आता है। इन पर ईमेल आईडी और पासवर्ड डालकर लॉगइन करने से बचना चाहिए।

### जालसाज वेब डिजाइनिंग का काम करते हैं

पुलिस के मुताबिक सिकंदर ने महज इंटर मीडिएट तक की पढ़ाई की है। इसके साथ ही वह मर्चेंट नेवी में काम कर चुका है। इंटर मीडिएट की पढ़ाई करने के बाद सिकंदर ने वेब डिजाइनिंग का कोर्स किया। इसी दौरान उसकी पहचान सूरज से हुई। दोनों मिलकर मल्टी नेशनल कंपनियों के लिए वेब डिजाइनिंग करने का काम करते थे। इसके साथ ही पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी पूर्व में डिजिटल मार्केटिंग में काम भी कर चुके हैं।

### कई कंपनियों की फर्जी वेबसाइट की मिली जानकारी

ठगों के कब्जे से जब्त लैपटॉप में पुलिस को कई मल्टी नेशनल कंपनियों की फर्जी वेबसाइट मिली हैं। जालसाज गूगल में अपने फर्जी वेबसाइट डालकर फेक कस्टमर केयर नंबर डालते थे। अगर कोई जालसाजों के फर्जी वेबसाइट में लॉगिन करता था, तो लॉगिन करने वाले के मोबाइल नंबर सहित अन्य जानकारी जालसाजों के हाथ लग जाती थी और फिर उन्हें अलग-अलग तरीकों से ठगी का शिकार बनाते थे।

# 10 करोड़ की लागत से आकार ले रहा तिमंजिला शास्त्री बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानीवासियों को नए साल में शहर के मध्य नए हाईटेक शास्त्री बाजार की सौगात मिलेगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 10 करोड़ की लागत से प्रथम फेज में ति मं जि ला बाजार परिसर सह पार्किंग स्थल बनाने रायपुर कंस्ट्रक्शन को अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी ने नवनिर्मित परिसर के प्रत्येक तल पर 21 दुकानें निकाली हैं। इसका आवंटन व्यवस्थापन के तहत शास्त्री बाजार के प्रभावित व्यवसायिओं को किया जाएगा। जवाहर बाजार के बाद शहर के पुराने व सबसे बड़े सब्जी बाजार के नाम से लोकप्रिय शास्त्री बाजार का नया स्वरूप आने वाले दिनों में शहरवासियों को देखने को मिलेगा। यहां नवनिर्मित हाईटेक बाजार में अंडरग्राउंड नाली, प्रकाश की समुचित व्यवस्था और पेयजल सुविधा सहित अलग से सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा रहेगी।

- प्रत्येक तल पर 21 दुकानें, ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की सुविधा

### नए साल में मिलेगी सौगात

10 करोड़ की लागत से नवनिर्मित शास्त्री बाजार की सौगात राजधानीवासियों को नए साल में मिलेगी। बाजार को सुव्यवस्थित करने और हाईटेक मार्केट बनाने के मकसद से रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने इसका निर्माण कराया है।

*- **आशीष मिश्रा,** जनरल मैनेजर कम्यूनिकेशन, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

# देवर से शादी के बाद गृहस्थी का सामान खरीदने महिला ने पति के साथ मिलकर मालिक के घर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के न्यू शांतिनगर में एक सप्ताह पूर्व प्रापर्टी डीलर के घर हुई चोरी की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। चोरी के आरोप में पुलिस ने वहां काम करने वाली बाई तथा उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए महिला का पति महासमुंद के कोतवाली थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने नकदी 11 लाख 69 हजार रुपए, चोरी के जेवर तथा चोरी के पैसों से खरीदा गया गृहस्थी का सामान जब्त किया है।

- पुलिस से बचने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे, लैपटॉप को आग के हवाले किया

पुलिस के मुताबिक दीपक गाईन के यहां चोरी के आरोप में अविनाश गिरी गोस्वामी तथा बिंदिया गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पति-पत्नी ने मिलकर 23 दिसंबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार घटना के एक पखवाड़ा पूर्व बिंदिया बगैर बताए घर से काम छोड़कर चली गई थी। पुलिस के अनुसार अविनाश के खिलाफ महासमुंद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हत्या की कोशिश सहित 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।



**जगदलपुर के बाद कांकेर पहुंचे :** पुलिस के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद दोनों पचपेड़ी नाका की एक पार्किंग में अपना वाहन पार्क करने के बाद बस से जगदलपुर चले गए। इसके बाद दोनों कांकेर आ गए। कांकेर में अविनाश ने गृहस्थी का सामान खरीदने के साथ चोरी के पैसों से एक दोपहिया वाहन खरीदा।

### 15 दिन पहले जेल से छूटकर आया था

पुलिस के मुताबिक अविनाश चोरी के एक मामले में 15 दिन पहले महासमुंद की जेल से छूटकर आया। इसके बाद अपनी भाभी से शादी करने के बाद धरसींवा में मकान किराए पर लेकर रहने लगा। अविनाश से शादी करने के बाद बिंदिया ने काम पर आना बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार बिंदिया के कहने पर अविनाश ने दीपक के घर चोरी करने प्लान तैयार किया। बिंदिया ने अविनाश को बताया था कि घर में कहां नकदी रकम के साथ जेवर रखे होते हैं।

### लाख कोशिश के बाद भी सीसीटीवी कैमरे में कैद

पुलिस के अनुसार बिंदिया को पता था कि घर के किन किन कोनों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। बिंदिया ने अविनाश को सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही घर से अटैच ऑफिस में जिस कोने में अलमारी में नकदी तथा जेवर रखे थे, वहां सीसीटीवी लगे होने की जानकारी मिलने पर अविनाश ने कंप्यूटर, लैपटॉप तथा हार्ड डिस्क को आग लगा दिया। पुलिस को घर के बाहर लगे सीसीटीवी में एक महिला तथा पुरुष के एक बैग लेकर दोपहिया में भागने के फूटेज मिले। इसी फूटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की।

# कोरोना की दस दिन में हॉफ सेंचुरी, 31 केस के साथ एक्टिव मामले 66 हुए

पांच संक्रमित ठीक हो चुके, एक की जान जा चुकी

**रायपुर।** दस दिन के भीतर राज्य में कोरोना ने अर्द्धशतक पूरा कर लिया है। शनिवार को चार हजार सैंपलों की जांच में दशमलव 78 प्रतिशत की दर से 31 लोगों को संक्रमित पाया गया है। इन प्रकरणों के बाद राज्य में एक्टिव मामले 66 हो गए हैं। दस दिन में राज्य में पांच पुराने संक्रमित ठीक हुए हैं और एक की जान जा चुकी है। बदले मौसम की वजह से राज्य में कोरोना की दस्तक हो चुकी है, हालांकि अब तक केरल सहित अन्य राज्यों में सामने आए वैरिएंट का यहां पता नहीं चला है। शुरुआती दिनों में वैरिएंट की जांच के लिए जो सैंपल एम्स भेजे गए थे, उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं है। अभी स्थिति खतरनाक नहीं है, मगर चिंताजनक हो सकती है। राज्य में जांच बढ़ाने की वजह से कोरोना के अधिक मामले सामने आने लगे हैं। शनिवार को राज्य में सबसे ज्यादा 14 मामले रायगढ़ जिले में सामने आए हैं। रायपुर में इनकी संख्या दस, बलौदाबाजार जिले में 2, जांजगीर, बालोद, सूरजपुर एवं बस्तर जिले में 1-1 प्रकरण सामने आया है। राज्य में कोरोना के एक्टिव केस बढ़कर 66 हो चुके हैं। शुरुआती दिनों में मामले कम थे, इसकी वजह से ठीक होने वालों की संख्या अभी कम है।



शुक्रवार को तीन और शनिवार को दो मरीज ठीक हुए हैं। वहीं 82 साल की महिला मरीज ने इलाज के दौरान भिलाई के अस्पताल में दम तोड़ दिया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धा की मौत की वजह को-मार्बिडिटी को माना है। अभी सबसे अधिक 22 सक्रिय मामले रायगढ़, 15 रायपुर तथा दुर्ग में 12 तथा बस्तर में 6 हैं। अन्य जिलों में इनकी संख्या इक्का-दुक्का है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों को योगदान बढ़ाने पर जोर

**रायपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने शुक्रवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक ली। इसमें उन्होंने जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों का योगदान बढ़ाने पर जोर दिया तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बैंकों को कृषि क्षेत्र और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में कार्य करने के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दावा भुगतान को शीघ्र कराने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण एवं पीएम स्वनिधि ऋण को अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## जीएसटी चुकाने के मामले में भी मिल चुका है प्रमाणपत्र

# आरडीए पहली बार कर्जमुक्त, बैंकों के साथ ठेकेदारों के भी हजार करोड़ चुका दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपनी कमल विहार योजना, जिसका नाम अब माता कौशल्या विहार हो गया है, इसके लिए करीब छह सौ करोड़ का कर्ज बैंकों से लिया था। यह कर्ज आरडीए के लिए गले की हड्डी बन गया था। यह कर्ज आठ सौ करोड़ से ज्यादा का ब्याज के कारण हो गया था। इसी के साथ ठेकेदारों का भी भारी बकाया होने के कारण आरडीए पर हजार करोड़ की देनदारी हो गई थी, लेकिन अब आरडीए पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। आज की तारीख में आरडीए पर जहां कोई कर्ज नहीं है, वहीं उसके पास खुद की छह सौ करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी भी है। यही नहीं, अब आरडीए में नियमित रूप से जहां समय पर वेतन मिलता है, वहीं जीएसटी जमा करने के मामले में भी उसको प्रमाणपत्र मिल चुका है। आरडीए के पूर्व अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने कहा कि हमने अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठते ही तय किया था कि आरडीए को कर्ज मुक्त करेंगे, वह आज कि तिथि में हो गया है।

- वेतन देने के भी अब लाले नहीं



### बकायादारों पर भी नकेल

रणनीति के तहत बकायादारों पर भी नकेल कसने का काम किया गया। जो भी बकायादार भुगतान नहीं कर रहे थे, उनसे आवास वापस लेकर उनको फिर से बेचा गया। ऐसा होने से एक फायदा यह भी हुआ कि जो आवास पहले 11 से 12 लाख में बिके थे, वो वापस 17 से 18 लाख में बिके। इससे भी आरडीए को फायदा हुआ। कुल मिलाकर नौ सौ से हजार करोड़ की प्रापर्टी को बेचा गया और इससे न सिर्फ बैंकों का कर्ज चुकाया गया, बल्कि ठेकेदारों को भी उनका बकाया भुगतान किया गया।

### कारगार रणनीति आई काम

प्रदेश में कांग्रेस शासन काल में 21 जुलाई 2021 को सुभाष धुप्पड़ को आरडीए का अध्यक्ष बनाया गया। उनके अध्यक्ष बनने के बाद उनको यह जानकारी हुई कि प्राधिकरण को कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी परेशानी होती है। कभी भी समय पर वेतन नहीं मिल पाता। इसी के साथ प्राधिकरण पर कर्ज भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में उन्होंने इसके लिए नई तरह की रणनीति बनाने का काम किया और महज 10 दिनों के अंदर की स्थिति यह बना दी कि एक अगस्त 2021 से कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन मिलने लगा। अपनी रणनीति के बारे में श्री धुप्पड़ बताते हैं कि कमल विहार में व्यावसायिक भूखंड बहुत ज्यादा बड़ा होने के कारण इसको खरीदने वाले ही नहीं मिलते थे। ऐसे में सबसे पहले इन भूखंडों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटने के साथ अलग-अलग वर्ग के कारोबारियों से बात करके उनके कारोबार के लिए वहां पर भूखंड उपलब्ध कराए गए।

# झेरिया गांड़ा समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 7 को



**बालोद।** छत्तीसगढ़ झेरिया गांड़ा (देवदास) समाज द्वारा आगामी 7 जनवरी को मां बंजारीधाम जुंगेरा (बालोद) में समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए कोसरिया गंधर्व समाज द्वारा आयोजन में सहभागिता पर मां बंजारी धाम देवदास सामाजिक भवन जुगेंरा में दोनों घटक जिला परिक्षेत्रीय, पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं देवदास घटक के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष छगन तांडव ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता, अतिथि एवं विशेष अतिथि कोसरिया, देवदास संगठन के जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी देवप्रसाद कुलदीप, मुकेश करैत, राजकुमार तांडव, प्रेमलाल गुवालवंशी एवं समस्त उपस्थित सदस्यों ने मां सरस्वती एवं गौरी शंकर भगवान की पूजा-अर्चना के बाद मुख्य बिन्दु संयुक्त रूप से युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजन पर चर्चा की गई। आयोजन में कोसरिया संगठन के भी सहभागिता, आयोजक झेरिया गांडा (देवदास) समाज, आयोजन समिति में कोसरिया गंधर्व समाज से युवराज नागवंशी को आयोजन समिति में उपाध्यक्ष, आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए कोसरिया संगठन की ओर से 20000 रुपये नगद एवं 3 क्विंटल चावल देने की घोषणा और आगामी प्रत्येक वर्ष की आयोजन दोनो घटक द्वारा संयुक्त आयोजन होगा पर सहमति, सांस्कृतिक कार्यक्रम में दोनों घटक द्वारा 5–5 छत्तीसगढी गीत पर प्रस्तुतिकरण रिकार्डिंग डांस, राज्य गीत, स्वागत गीत शामिल रहेगी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक सरायपाली चांतुरी नंद, जुंगेरा के सरपंच फलेशवरी तांडव, दोनों घटक के प्रान्तीय अध्यक्ष, सामाजिक जनप्रतिनिधि एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद कांकेर मोहन मंडावी, दोनों घटक के जिलाध्यक्ष एवं सामाजिक वरिष्ठजन होंगे। कार्यक्रम की सफलता को अंतिम रूप देने दोनों घटकों की जिला स्तरीय बैठक 5 जनवरी को पुनः बंजारीधाम देवदास भवन में होगी।

## खबर संक्षेप



### शरीर के साथ मन को भी चुस्त रखती है कबड्डी



**बालोद।** ग्राम कांदुल में सुपर सेवन कबड्डी क्लब व ग्रामवासियों के तत्वावधान में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में बालोद के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिभा देवदास ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख रकते हैं, बल्कि आज खेल रोजगार का एक सशक्त माध्यम भी बन रहा है। ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमें खेलों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कबड्डी शरीर के साथ मन मस्तिष्क को चुस्त रखती है। इस दौरान भाजयुमो नेता पंकज चौधरी, चन्द्रहास साहू, पदुमलाल साहू, दीनदयाल साहू, सुलोचनी बाई चंद्रवंशी, मनहरण साहू, विक्रम निर्मलकर, मोतीलाल साहू, केशव हिरवानी, हेमंत सेन, नरोत्तम साहू, दानेश्वर साहू, कैलाश साहू, लखन सोनबोइर, वामन साहू, नवीन राजपूत, लालवीर सहित आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामवासियो की उपस्थिति रही।

### आज शिव भजनों से गूंजेगा शिवनाथ तट

**दुर्ग।** सोमवार 1 जनवरी को आयोजित शिवनाथ महोत्सव में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकार शिव भजन एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देंगे। उक्त कार्यक्रम में गायक जानकी रमैया, पूर्वा श्रीवास्तव, जयंती सिंह, श्रीजा दलाल, कार्तिका तिवारी, तुलसी सोनी, हरीश सोनी, युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान, रमन सिंह, प्रणव सोनी, प्रकाश सेठ के अलावा विशेष सहयोगी के रूप में साई म्यूजिकल ग्रुप के संचालक हाजी मिर्जा साजिद बैग, अनिल गुप्ता भजन एवम गीतों की प्रस्तुति देंगे।

**सौगात : बालोद जिले के गांव-गांव पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# लोगों तक पहुंच रही शासकीय योजनाओं की जानकारी, उनके गांवों में ही मिल रहा लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रही है। सांसद मोहन मण्डावी ग्राम बोहारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा इन योजनाओं का लाभ उठाने ग्रामीणों को प्रेररित किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को गांव में स्वच्छता बनाए रखने शपथ दिलाई तथा अभिनंदन पत्र भी सौंपा। जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में कुल 1743 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 111 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 30 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 157 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 142 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 13 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी–कहानी, मेरी–जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी। राम बोहारा में 513 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 02 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। 1 हितग्राही को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम पलारी में 401 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 02 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 36 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 04 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। उल्लेखनीय है कि बालोद विकासखण्ड के ग्राम कन्नेवाड़ा एवं हथौद और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम किसना, रानीतराई, गेंजी एवं सहगांव तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम नवागांव डू एवं रेहची में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारा एवं पराली तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम उकारी एवं ठेमाबुजुर्ग में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

**किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, दी गई दवाइयां–** इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन भरने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

**कन्नेवाड़ा में 125 आयुष्मान कार्ड वितरित–** शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम कन्नेवाड़ा में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 125 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 11 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 01 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। ग्राम हथौद में 44 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 05 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 08 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 06 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 08 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम किसना में 110 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 05 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 01 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 14 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 14 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

**प्रधानमंत्री बीमा योजना के लिए किया गया पंजीयन–** इसी तरह ग्राम रानीतराई में 74 आयुष्मान कार्ड वितरण कर 10 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 02 किसानों का आवेदन लिया गया। 14 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 16 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 17 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। ग्राम गेंजी में 116 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 12 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 04 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 01 किसानों का आवेदन लिया गया। 7 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 20 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 20 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम सहगांव में 66 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 13 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 03 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 02 किसानों का आवेदन लिया गया। 6 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 03 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

**नवागांव डू के ग्रामीणों को मिला लाभ–** इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम नवागांव डू में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 02 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 01 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। 6 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 40 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 20 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। ग्राम रेंहची में 52 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 37 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 01 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 09 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 12 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 18 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

### उकारी में 57 हितग्राहियों को दिया गया आयुष्मान कार्ड

डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम उकारी में 57 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 30 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 04 किसानों का आवेदन लिया गया। 5 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 18 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 20 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसी तरह ग्राम ठेमाबुजुर्ग में 41 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 07 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 02 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 05 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 23 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 24 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।




## गुरू घासीदास ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



समीपस्थ ग्राम इरागुड़ा में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य ममता चंद्राकर ने किया एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच योगेश चंद्राकर, उपसरपंच कामता निर्मलकर सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा–अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने ऊंच–नीच के भेद भाव को मिटाने के लिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया है, उनके बताए मार्ग पर चलने से ही सामाजिक समरसता में वृद्धि होगी। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे–मनखे एक समान का संदेश देकर विभिन्न समाजों को एक माला में पिरोने का कार्य किया। सत्य ही मानव की असली आभूषण है। सत्य के संदेश को अपने आचरण में उतारकर सतगुणी बनने की उन्होंने प्रेरणा दी थी। अध्यक्षता कर रही जनपद पंचायत सदस्य ममता चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। बाबा गुरू घासीदास ने हम सभी को समानता का संदेश देते हुए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है जिसे हमें आत्मसात करने की आवश्यकता है। सरपंच योगेश चंद्राकर ने गुरु घासीदास बाबा को युगांतरकारी संत बताते हुए उन्हें सामाजिक परिवर्तन का तपस्वी बताया तथा उनके सद्गुणों को ग्रहण करने की बात कही।

### रतन मुनि के स्मृति दिवस पर प्रसादी का आयोजन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रवर्तक लोकमान्य संत पूज्य गुरुदेव श्री रतन मुनि महाराज के प्रथम पुण्य स्मृति दिवस पर रतन भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन शनिचरी बाजार दुर्ग में किया गया सुबह 11 से 3 बजे तक चले गौतम प्रसादी वितरण में लगभग 2000 लोगों ने भोजन ग्रहण किया श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य उत्साह और उमंग के साथअपनी सेवा प्रदान की। जैन समाज के धर्मगुरु श्री रतन मुनि जी याद में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग के परिसर में नवकार महामंत्र जाप अनुष्ठान एवं रतन गुरु चालीसा का आयोजन किया गया था जिसमें श्रमण संघ परिवार के अलावा जैन समाज गुरु भक्त परिवार इस अनुष्ठान में शामिल हुए।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### स्वनिधि योजना से देंगे ऋण

**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नवम दिवस छावनी शासकीय स्कूल और हुड़को परी गार्डन में आयोजित हुआ।

संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना मे आवेदन करने लोग जानकारी प्राप्त किये इस योजना में कुम्हार, लोहार,औजार बनाने वाले,झाड़ू,टोकरी बनाने वाले,दर्जी,नाई,नाव बनाने वाले,नट बोल्ट बनाने वाले आदि छोटे व्यवसायी को प्रशिक्षण एवं लोन प्रदान किया जाता है। उसी प्रकार व्यापार को बढ़ावा देने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार ऋण लेने 12 हजार से अधिक हितग्राहियो ने पंजीयन कराया है, वहीं इस योजना से ऋण लेकर व्यापार को बढ़ाकर पूरी किस्त जमा करने वाले हितग्राहियो को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। शनिवार को निगम क्षेत्र के दो स्थान पर लगे शिविर में 4983 नागरिक शामिल हुए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए लगाए गए स्टॉल में जानकारी लेकर योजना का लाभ लेने लोगो ने आवेदन फार्म भी भरे। छावनी स्कूल के शिविर में वार्ड पार्षद गिरिजा बाई बंछोर, वीणा चंद्राकर तथा हुड़को में एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, पूर्व पार्षद दिनेश यादव ने शिविर का विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घाटन किए और उपस्थित नागरिकों को भारत को विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाये।

### पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** एक पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कादम्बरी नगर दुर्ग निवासी मान्या उर्फ अक्षत दुबे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने एक देशी मेड पिस्टल मेड इन यूएसए और तीन नग जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ में पुलिस को बताया कि पिस्टल को 25 हजार रुपए में खरीदा है लेकिन पिस्टल का बाजारी कीमत इससे कई अधिक है। आरोपी दादा बाड़ी गार्डन के पास सामान लेकर बैठा हुआ था। नए साल को देख पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात है। हर असामाजिक तत्व, संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी हुई है। अभियान चलाकर पुलिस इस तरह के लोगों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।अभियान एसएसपी राम गोपाल गर्ग के नेतृत्व में लगातार जिले में अभियान चल रहा है। कार्रवाई में मोहन नगर टीआई विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## निधन

### मोंगरा बाई शुक्ला



**जामगांव आर।** नगर निवासी मोंगराबाई शुक्ला का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार जामगांव आर मुक्तिधाम में किया गया। वे दीपक शुक्ला, पुरोहित मुकेश शुक्ला की माता थीं।

---

**आस्था : अयोध्याधाम से आई अक्षत कलश का दर्शन-पूजन करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा समूचा नगर अक्षत कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अयोध्याधाम से आई अक्षत कलश के स्वागत व ग्रामों में शोभायात्रा निकाले जाने के पूर्व आज तहसील के 122 ग्रामों के हजारों रामभक्त नगर पहुंचे। यहां अक्षत कलश की पूजा-अर्चना करने के बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। इसके अलावा विभिन्न गांवों की रामायण मंडली, ग्राम समितियां, लीला मंडली के सदस्य आदि शामिल हुए।

**122 ग्रामों में पहुंचा अक्षत कलश-** ज्ञात हो कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान तहसील के प्रत्येक ग्राम में स्थित मंदिरों में सामूहिक पूजन, अनुष्ठान करने की तैयारी राम भक्त कर रहे हैं। रविवार को नगर में अयोध्या से पहुंचे अक्षत को कलश के माध्यम से तहसील के 122 ग्रामों में पहुंचाया गया। कलशों को ग्रामों के लिए रवाना करने के पूर्व श्री राम जानकी गायत्री मंदिर से देउर मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्र में 122 कलश को धारण करने वाली महिलाओं एवं युवतियां खाली पैर तपती जमीन में कलश धारण कर शोभायात्रा में सम्मिलित हुई। शोभायात्रा का जगह–जगह स्वागत व पूजन किया गया। देउर मंदिर पहुंचने पर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके पूर्व श्रीराम जानकी मंदिर में भजन कीर्तन किया गया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, तेजराम साहू, लखनलाल गुरुपंच के साथ विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल व अन्य संगठनों ने आयोजन के व्यवस्था की बागडोर संभाल रखी थी।

**शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालुगण-** कलश यात्रा के दौरान राम धुन पर विभिन्न ग्रामों से पहुंचे बुजुर्ग–बच्चे व ग्रामीण झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान देखा गया कि जहां–जहां से कलश यात्र निकाली गई, उस मार्ग में बैठे ग्रामीणों ने खड़े होकर, राहगीरों ने रुककर करतल ध्वनि के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा व अक्षत कलश लेने के लिए ग्रामीणों में इतना उत्साह दिखा की कई निःशक्तजन भी स्वयं को यहां आने से रोक नहीं सके। वे पहुंचे एवं कार्यक्रम व कलश यात्रा में प्रभु श्री राम की झांकी को निहारत रहे।

**गांवों में हुआ भव्य स्वागत-** कलश यात्रा के ग्रामों में पहुंचने पर ग्रामों में भी भव्य तैयारी की गई थी। गुरुर से अक्षत कलश लेकर ग्रामों में पहुंची मंडली का ग्रामों में स्वागत अभिनंदन कर कलश की आरती उतारी गई। गाजे बाजे के साथ अक्षत कलश की अगुवानी की गई एवं ग्राम के मंदिर में उसे सुरक्षित रखा गया।

**घर-घर मनाई जाएगी दीपावली-** 1 जनवरी से घर-घर जाकर अक्षत प्रदान का ग्रामिणों को 25 जनवरी के बाद अयोध्या आने का निमंत्रण दिया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद प्रमुख राकेश साहू, नूर सिंह साहू, चौलेश देशमुख, जयंत साहू ने बताया कि अक्षत प्रदान करने के साथ ग्रामीणों से 22 जनवरी को भव्य दीपावली मनाने का आग्रह किया गया है। प्रत्येक हिंदू के घर में पीला चावल पहुंचाकर उन्हें अयोध्या आने एवं प्रभु श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अपने घरों में ही रहकर उत्सव मनाने व दीपावली मनानें अनुरोध किया जा रहा है। मंच संचालन करते हुए जितेन्द्र शर्मा ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे 22 जनवरी को ऐसी दीपावली मनाए जैसी पहले कभी न मनाई गई हो, क्योंकि 500 साल बाद यह शुभ दिन आया है।

### सांसद व जनप्रतिनिधि हुए शामिल

शोभायात्रा में सांसद मोहन मंडावी, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, जिला मंत्री जयंत साहू जिला उपाध्यक्ष चौलेश देशमुख ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू, राकेश साहू, नूरऋृसह साहू, रेखराज साहू, मिश्रीलाल, द्वारिका भारद्वाज, लेखमणि साहू, दुर्गादत्त मिश्रा, पूनम चंद साहू, मनीष साहू, लेखमणि साहू, अंशुमान मिश्रा, बजरंग दल संयोजक तेजेंद्र गंजीर, हरीश टुवानी, देवेश सिन्हा, लेख मणि साहू, मातृशक्ति सयोजिका श्वेता राजपूत, योगिता शर्मा, बेबी ओझा, कौशल्या साहू, निलेश्वरी साहू, ज्योति देवदास, ऋृपकी चंद्राकर, उषा गुप्ता, ऋृबदु माता, पूनम साहू सहित हजारों रामभक्त सम्मलित हुए।



**सामूहिक हनुमान चालीसा का हुआ पाठ- गुरूर।** ऐतिहासिक काल भैरव मंदिर देउर में अक्षत कलश लेने पहुंचे ग्रामीणों, नगरवासियों, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के सदस्यों ने सामूहिक अनुमान चालीसा का पाठ किया।

---

# बाजारों में पहुंचने लगे लघु वनोपज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले का एक तिहाई भाग जंगलों से घिरा हुआ है, जहाँ पर वन सम्पदाओं का अम्बार है। इसके कारण ग्रामीण वनांचल क्षेत्र के लोग मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए आज भी जंगलों पर आश्रित है, जो जंगलों से प्राप्त वन सम्पदाओं को एकत्रित कर उन्हें बाजार में व्यापारी को बेच या समूहों को बेचकर अपना जीवन यापन करते हैं। वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणजन वर्तमान समय में जंगलों से प्राप्त हर्रा, बेहड़ा, और बेल इकठा करने में जुटे हुए हैं। जिनका आवक इन लघु वनोपज पर निर्भर रहता है जो वन से प्राप्त वन सम्पदाओं से अपना जीवन यापन करते है। वहीं प्रशासन द्वारा लघु वनोंपज के तहत हर्रा, बेल, बेहड़ा, इमली, भू नीम, महुआ, तेंदूपत्ता जैसे अनेक वन सम्पदाओं की खरीदी की जाती है।

**जिले के तीन ब्लॉक वनोंपज का केंद्र है-** जिले का तीन ब्लॉक मुख्य रूप से डौंडीलोहारा, बालोद, गुरुर का लगभग आधा से ज्यादा जमीन जंगलों से घिरा हुआ है। जहाँ से ग्रामीणों को वनोंपज की प्राप्ति होती है इन तीनों ब्लॉक मे वन सम्पदा बहुत ही ज्यादा है जो जिले की खूबसूरती के साथ ही वनोंपज के लिए प्रसिद्ध है। जहाँ से ग्रामीणों को वन औषधियों के अलावा महुआ, भू– नीम, बेल, हर्रा, बेहड़ा, तेन्दु, चारबीज, लाख, कुसुम की प्राप्ति होती है इसलिए वनांचल क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए यह वन विशेष महत्व रखता है।

**वन सम्पदा बाजार में बिकने के लिए पहुँच रहा है-** वनांचल क्षेत्रों में प्राप्त बेहड़ा और हर्रा को बाजारों बेचा जा रहा है। बाजारों मे व्यापारियों के द्वारा हर्रा कच्चा को 11 प्रति किलो और बीज रहित 30 रूपये बिक रहा है और बेहड़ा प्रति किलो कच्चा 6 रूपये बिक रहा है और बेहड़ा कचरिया 15 रूपये किलो खरीदा जा रहा है। पिछले वर्ष 2022–23 में समर्थन मूल्यों के तहत दो समिति के माध्यम से हर्रा और बेहड़ा की खरीदी की गई थी, जिसके तहत बालोद और बड़भूम समिति के माध्यम से बेहड़ा कचरिया 15.83 क्विंटल की खरीदी की गई थी तथा हर्रा कचरिया 10.84 क्विंटल की खरीदी की गई थी। वहीं दो समिति बालोद और टेकापार के माध्यम से कुल 114.16 क्विंटल बेल गुदा की खरीदी की गई थी।



### समर्थन मूल्य पर की जा रही खरीदी

वर्तमान वर्ष 2023–24 में समर्थन मूल्यों के तहत 17 समितियों के माध्यम से लघुवनोपज की खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत हर्रा कच्चा 6 रूपये किलो और हर्रा कचरिया का 25 रूपये किलो समर्थन मूल्य रखा गया है वहीं वन विभाग द्वारा हर्रा कच्चा खरीदने का लक्ष्य 800 क्विंटल और हर्रा कचरिया 250 क्विंटल खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, बहेड़ा कच्चा का समर्थन मूल्य 5 रूपये प्रति किलो और बेहड़ा कचरिया का 20 रूपये प्रति किलो रखा गया है वहीं वन विभाग द्वारा लक्ष्य 300 क्विंटल कच्चा बेहड़ा और 300 क्विंटल बेहड़ा कचरिया खरीदने का लक्ष्य प्राप्त है।

### चिरईगोड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार 01 जनवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड के ग्राम चिरईगोड़ी में सुबह 10 बजे एवं ग्राम जामगांव में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम झिटिया और ग्राम सिवनी में सुबह 10 बजे एवं सिंगारपुर और बटेरा में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोगरी में 10 बजे एवं ग्राम सरेखा में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के गंगोरीपार में 10 बजे एवं डढारी में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम पचेडा में 10 बजे एवं पटेली में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा हल्बा-हल्बी समाज : माहला

**समाज द्वारा आयोजित शक्ति सम्मेलन में शामिल हुए समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



दिसम्बर का माह हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के लिए बहुत ही पवित्र माह होता है क्योंकि इसी माह 26 तारीख को समाज द्वारा शक्ति दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उक्त बातें देवेंद्र माहला अध्यक्ष केंद्रीय महासभा हल्बा-हल्बी समाज ने कही। हल्बा-हल्बी समाज द्वारा केंद्रीय महासभा अध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला, सामाजिक पदाधिकारियों के आतिथ्य व वरिष्ठजनों की विशेष उपस्थिति में शक्ति दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ माहला के आतिथ्य में कुसुमकसा ब्लॉक कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद ग्राम हड़गाहन के कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही साथ कुसुमकसा ब्लॉक के ग्राम भर्रीटोला में शहीद शिरोमणि गैंदसिंह नायक की मूर्ति का अनावरण भी सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। 36गढ़ केंद्रीय महासभा के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला ने शक्ति दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हल्बा हल्बी समाज सदैव से ही प्रगतिशील समाज रहा है। हम सकारात्मक कार्यों में अपना समय लगाने वाले लोग हैं और यह पवित्र शक्ति दिवस उसी का ही प्रतीक हैं। माँ आदिशक्ति का ही आशीर्वाद है कि यह समाज और इस समाज के लोग सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हैं। आज हमारा हल्बा हल्बी समाज वर्तमान के आधुनिक युग में अपनी अलग पहचान बना रहा है चाहे व क्षेत्र शिक्षा का हो या स्वास्थ्य का, व्यवसाय का हो या कृषि का, प्रशासनिक सेवा हो या गैर प्रशासनिक क्षेत्र हो हर क्षेत्र में हमारा समाज कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और यह हमारे लिए गर्व की बात है। डॉ माहला ने विशेष रूप से शिक्षा पर बात कहते हुए कहा कि हमारा समाज वैसे तो शिक्षा के प्रति काफी सजग है परन्तु हमारी आ रही नई पीढ़ी जो शिक्षा ग्रहण कर रही है, वे भी किताबी ज्ञान के अलावा सामाजिक शिष्टाचार को भी ग्रहण करें, क्योंकि उसके बिना सामाजिक व्यवस्था को समझा नहीं जा सकता। उन्होंने महिला वर्ग को भी संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज की माता बहनें भी स्वयं को चार दीवारी में सीमित न रखें, वे भी सामाजिक गतिविधियों व कार्यों में यथासंभव सहभागिता दें।

### हम हमेशा सद्कर्म करते रहें, ताकि निरंतर ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में गुरुवार को युगप्रधानाचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या महासती प्रमिलाश्रीजी मसा ने अपने दिव्य व आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान में लाइटवेट का प्रचलन ज्यादा है। किसी भी चीज को खरीदते समय लाइटवेट को प्राथमिकता दी जाती है। चाहे वह कपड़े हों या जूते या फिर मोबाइल हो या फिर कोई भी आवश्यकता की वस्तु इन्हें खरीदने से पहले इसके वेट को देखा जाता है। ये चीजें लाइटवेट होती हैं तो खरीदने में प्राथमिकता दी जाती है। परन्तु ज्ञानीजन कहते हैं कि सांसारिक उपभोग की वस्तुओं के लिए तो हम निरन्तर जागरूक बने रहते हैं, परन्तु आध्यात्मिक क्षेत्र में हमारी जागरूकता खत्म हो जाती है। हमें अपनी आत्मा को भी लाइटवेट बनाने के प्रयास करने चाहिए। जिस प्रकार लाइटवेट वस्तु सभी मायने में अच्छी होती है ठीक वैसे ही आत्मा भी कर्मो से हल्की होगी लाइटवेट बनेगी तो ऊंचाई की ओर जाएगी। ऊँचाई पर जाने के बाद ही आत्मा के कल्याण के मार्ग प्रशस्त होंगे। जीवन सांप सीढ़ी के खेल की भांति होती है जिस प्रकार गलत पासे पड़ने पर सांप के काटने से सीधे नीचे की ओर आ जाते हैं वहीं सही पासे पड़ने पर सीढी के माध्यम से ऊंचाई पर पहुंच जाते हैं। जीवन के अंदर भी हमें सद्कर्मों के सद्कार्यों के पासे निरंतर ही चलते रहने चाहिए, जिससे कि जीवन निरन्तर ऊंचाई की ओर ही अग्रसर होते रहे।

# गुरूर से गांवों में पहुंचा अक्षत कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के सदस्यों ने आयोध्या धाम से पहुंचे अक्षत को विकासखण्ड के प्रत्येक ग्राम में पहुंचाने का कार्य रविवार को किया। इसके पूर्व पूरे तहसील क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से संपर्क किया था। आयोध्या से पहुंच अक्षत को 122 ग्रामों में पहुंचाने के लिए 122 कलश तैयार किए गए। इसके लिए प्रत्येक ग्राम की महिला मंडली, रामायण मंडली, लीला मंडली, ग्राम समितियों व अन्य ग्राम व समाज प्रमुखों को आमंत्रण दिया गया था। रविवार को लगभग सभी ग्रामों से प्रमुख गुरूर पहुंचे एवं अक्षत कलश लेकर अपने ग्रामों के लिए प्रस्थान किए। ग्राम से पहुंचे ग्रामीण भजन कीर्तन करते हुए अक्षत कलश को लेकर गुरूर से निकले।



### ग्राम खुरसुल में केंद्रीय गोंड़ महासभा ने मनाया बलिदान दिवस

# वीर नारायण सिंह ने गरीबों की भलाई के लिए दिया था बलिदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





ग्राम खुरसुल में केंद्रीय गोंड़ महासभा तहसील स्तरीय समाज आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्रीय बोरई के तत्वावधान में शहीद वीर नारायण बलिदान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र कुमार देशमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच विक्ट्रोरिया दिल्लीवार, रिवेंद्र यादव सहित साम के प्रमुख गण योगेश्वर सिंह, द्वारिका नाथ, राजू पोर्ते, जगदीश नेताम, बूढ़ान सिंह, टाकेशवर, रेवाराम, बलीराम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत समाज द्वारा शोभायात्रा निकाल कर की गई। उसके बाद सभी अतिथियों द्वारा शहीद वीरनारायण की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होंने गरीबों की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। श्री साहू ने आगे कहा कि महान क्रांतिकारी शहीद वीरनारायण उनकी शहादत हम सबको प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख जन व ग्रामीण बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।




